| E-802 | http://www.mpboardonline.com<br>Roll No. .................................... |
|---|---|

Higher Secondary Examination (Regular) - 2020

# हिन्दी (सामान्य)

# HINDI (General)

| Total Questions : 28 | Total Printed Pages : 8 | Time : 3 Hours | Maximum Marks : 100 |
|---|---|---|---|

**निर्देश :**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्न क्रमांक 6 से 24 तक एवं प्रश्न क्रमांक 27 एवं 28 में विकल्प दिये हैं ।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक आवंटित हैं । उपप्रश्न पर 1 अंक आवंटित है ।

(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2-2 अंक आवंटित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखिए ।

(iv) प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3-3 अंक आवंटित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 75 शब्दों में लिखिए ।

(v) प्रश्न क्रमांक 22 से 24 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4-4 अंक आवंटित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 120 शब्दों में लिखिए ।

(vi) प्रश्न क्रमांक 25 से 27 तक के लिए 5-5 अंक आवंटित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखिए ।

(vii) प्रश्न क्रमांक 28 के लिए 10 अंक आवंटित हैं । शब्द सीमा लगभग 200-250 शब्द है

1×5=5

...त कीजिए :

... प्रधानता है । (माधुर्य गुण / ओजगुण)

(ii) विश्व का शुभ... ________ ... कहा गया है । (माँ / पिता)

(iii) 'सत्य के प्रयोग' ________ की महत्वपूर्ण पुस्तक है ।
(डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम / महात्मा गांधी)

(iv) कम शब्दों में अधिक कहने की प्रवृत्ति ________ का सर्वोत्तम गुण है ।
(व्यास शैली / समास शैली)

(v) रचना के आधार पर वाक्य के ________ भेद होते हैं । (तीन / आठ)

**2** निम्नलिखित कथनों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : 1×5=5

(i) माँ यशोदा किसके माध्यम से देवकी को संदेश भेजती है ?

| | |
|---|---|
| (अ) पत्र | (ब) वसुदेव |
| (स) गोपी | (द) उद्धव |

(ii) 'हिमालय और हम' कविता के कवि हैं –

| | |
|---|---|
| (अ) मैथिलीशरण गुप्त. | (ब) बालकवि 'बैरागी' |
| (स) गोपालसिंह 'नेपाली' | (द) सूरदास |

(iii) "तुमने तो कुंभकरण के चाचा को भी मात कर दिया" यह कथन है –

| | |
|---|---|
| (अ) शांति का | (ब) कांति का |
| (स) सरस्वती का | (द) चंद्रकांत का |

(iv) 'सत्याग्रह' में समास है –

| | |
|---|---|
| (अ) तत्पुरुष. | (ब) अव्ययीभाव |
| (स) द्विगु | (द) द्वन्द्व |

(v) 'आकाश के तारे तोड़ना' मुहावरे का अर्थ है –

| | |
|---|---|
| (अ) सरल कार्य करना | (ब) असंभव कार्य करना |
| (स) संभव कार्य करना | (द) कार्य प्रारंभ करना |

**3** सत्य / असत्य का चयन कर लिखिए : 1×5=5

(i) कुसंग से कीर्ति बढ़ती है ।

(ii) भारत ने शून्य का आविष्कार किया ।

(iii) भूषण को हिन्दी साहित्य का प्रथम राष्ट्रीय कवि माना जाता है ।

(iv) अरे ! मोहन गीत गाता है । यह संकेतवाचक वाक्य है ।

(v) केरल की स्त्रियाँ 'महाश्वेता' की छवि धारण करती हैं ।

4 सही जोड़ी बनाइए : 1×5=5

| 'क' | | 'ख' | |
|---|---|---|---|
| (i) | धरती का ताज | (अ) | लाभ–हानि |
| (ii) | अमोघ शक्तियाँ | (ब) | पारिभाषिक शब्द |
| (iii) | घटा | (स) | शब्द और कृति |
| (iv) | आकाशवाणी | (द) | हिमालय |
| (v) | विपरीतार्थी शब्द–युग्म | (इ) | काले बादलों का समूह |
| | | (फ) | सतपुड़ा |
| | | (र) | आंचलिक शब्द |

5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए : 1×5=5

(i) 'ताप–त्रय' कौन–कौन से हैं ?

(ii) किसके अभाव में बुद्धि–कौशल पंगु है ?

(iii) सिरचन किस कहानी का पात्र है ?

(iv) अर्जुन की स्वीकारोक्ति को लिखिए ।

(v) मिश्र वाक्य किसे कहते हैं ?

6 पुस्तक पढ़ने की आदत कम क्यों होती जा रही है ? 2

**अथवा**

मंत्री जी सरोवर किनारे क्यों जाते थे ?

7 गांधीजी ने अक्षरज्ञान में किन विषयों पर बल दिया है ? और क्यों ? 2

**अथवा**

बालक ने दयालु महिला से क्या सवाल किया ?

8 भारतेन्दु युगीन किन्हीं चार निबंधकारों के नाम लिखिए । 2

**अथवा**

शुक्ल युगीन किन्हीं चार निबंधकारों के नाम लिखिए ।

9 द्विवेदी युग के निबंधों की दो विशेषताएँ लिखिए । 2

अथवा

विवेचन शैली से क्या आशय है ?

10 कर्मधारय समास की परिभाषा लिखिए । 2

अथवा

निम्नलिखित का समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए :

(i) हंस – हंसिनी

(ii) चरित्र – निर्माण

11 निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 2

(i) हमारे को अपनी उपलब्धियों पर गर्व करना चाहिए ।

(ii) वह बुद्धिमान स्त्री है ।

अथवा

निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए :

(i) गाँव का रास्ता उबड़ – खाबड़ है । (निषेधात्मक)

(ii) कठोर बनकर भी सहृदय बनो । (संयुक्त वाक्य)

12 निम्नलिखित का भाव पल्लवन कीजिए : 2

जननी जन्मभूमि स्वर्ग से महान है ।

अथवा

प्रकृति पर विजय पाकर ही मनुष्य दम लेता है ।

13 निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : 2

(i) स्वर्ग सिधार जाना

(ii) भगीरथ प्रयत्न करना ।

अथवा

मुहावरा किसे कहते हैं ?

14 निम्नलिखित भिन्नार्थक समोच्चारित शब्दों का अर्थ बताते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 2

(i) क्षति – क्षिति (ii) गृह – ग्रह

अथवा

निम्नलिखित शब्दों में से पारिभाषिक और तकनीकी शब्दों को छाँटिए :

(i) तंत्रिका

(ii) ग्राम पंचायत

(iii) चिकित्सालय

(iv) माउस

15 निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों के अलग–अलग अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 2

(i) उत्तर

(ii) वर्ण

अथवा

विलोम शब्द लिखिए :

(i) कड़वा (ii) धनी

(iii) सजीव (iv) आसान

16 भीषण गर्मी के बाद प्रथम वर्षा के सुखद प्रभाव का वर्णन कीजिए । 3

http://www.mpboardonline.com

'ठेस' कहानी का उद्देश्य लिखिए ।

17 रवीन्द्रनाथ टैगोर को सौंदर्य की अनुभूति कैसे हुई ? 3

अथवा

"सबल के बल का सदुपयोग ही सफलता की कुंजी है ।" इस कथन को स्पष्ट कीजिए ।

18 परं उच्च लक्ष्य का तात्पर्य क्या है ? 3

अथवा

समय की पाबंदी के संबंध में गांधीजी का क्या मत था ? स्पष्ट कीजिए ।

19 'यशोधरा की व्यथा' कविता में गौतम बुद्ध के कौन–कौन से गुण बताए गये हैं ? 3

अथवा

कवि ने हिमालय से हमारे कई संबंध बताए हैं, उनमें से किन्हीं तीन का उल्लेख कीजिए ।

20 मेषमाता तप्त आँसू क्यों बहाती है ? 3

अथवा

छत्रसाल की तलवार को प्रलयकालीन सूर्य के समान क्यों कहा है ?

21 कवि रहीम मोतियों के हार के माध्यम से क्या संदेश देना चाहता है ? 3

अथवा

यशोदा ने कृष्ण को वन की क्या–क्या कठिनाइयाँ बताई ?

22 मंत्रीजी ने देश का राजा चुनने की समस्या किस प्रकार हल की ? 4

अथवा

नालंदा विश्वविद्यालय की विशेषताएँ लिखिए ।

23 शिवाजी के युद्ध अभियान का वर्णन कीजिए । 4

अथवा

बालक कृष्ण को देखकर माता यशोदा के हृदय में कौन–कौन सी अभिलाषाएँ जागती हैं

24 निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए :

"जागो फिर एक बार !
समर में अमर कर प्राण,
गान गाए महासिन्धु से
सिन्धु – नद – तीरवासी !
सैन्धव तुरंगों पर
चतुरंग चमू संग"
"सवा – सवा लाख पर
एक को चढ़ाऊँगा,
गोविन्द सिंह निज
नाम जब कहाऊँगा ।"

**अथवा**

आशा से आकाश थमा है, स्वाँस तन्तु कब टूटे ।
दिनमुख दमके, पल्लव चमके, भव ने नव रस लूटे ।
स्वामी के सद्भाव फैलकर, फूल–फूल में फूटे,
उन्हें खोजने को मानो, नूतन निर्झर छूटे ।

25 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1+1+1+2=5

'समस्त ग्रंथों एवं ज्ञानी, अनुभवी जनों का कहना है कि जीवन एक कर्मक्षेत्र है । हमें कर्म के लिए जीवन मिला है । कठिनाइयाँ एवं दुःख और कष्ट हमारे शत्रु हैं, जिनका हमें सामना करना है । उनके विरुद्ध संघर्ष करके हमें विजयी बनना है । विश्व के महापुरुषों जैसे जार्ज वाशिंगटन, अब्राहम लिंकन, महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन–चरित्र हमें यह शिक्षा देते हैं कि महानता का रहस्य संघर्षशीलता, अपराजेय व्यक्तित्व है । इन महापुरुषों को जीवन में अनेक संकटों का सामना करना पड़ा परंतु वे घबराए नहीं, संघर्ष करते रहे और अंत में सफल हुए । परिश्रम, दृढ़ इच्छाशक्ति व लगन आदि मानवीय गुण व्यक्ति को संघर्ष करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करते हैं ।'

(i) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए । 1

(ii) 'अनुभवी जनों का कहना है कि जीवन एक कर्मक्षेत्र है ।' रचना की दृष्टि से कैसा वाक्य है ? http://www.mpboardonline.com 1

(iii) कौन–कौन से गुण व्यक्ति को सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हैं ? 1

(iv) प्रस्तुत गद्यांश का सारांश लिखिए । 2

26 निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1+1+2+1=5

"सच्चा कर्म, सच्ची सेवा, सच्चा धर्म ।
दुश्मन के आगे कभी झुके नहीं हम
खौलता है खून, साँस चलती गरम ।
कितने हो कष्ट नहीं होते जो नरम
भारत माँ की आबरू से पहचानते
माता भारती का दर्द ये ही जानते ॥"

(i) उपर्युक्त पद्यांश का शीर्षक लिखिए ।

(ii) कवि सच्चा धर्म किसे मानता है ?

(iii) उपर्युक्त पद्यांश का भावार्थ लिखिए ।

(iv) दुश्मन का विलोम शब्द लिखिए

27 छात्रावास में रहने वाले छोटे भाई को पत्र लिखिए जिसमें योग एवं प्राणायाम का महत्व बताया गया हो और नियमित रूप से इनका अभ्यास करने का सुझाव भी दिया गया हो । 5

अथवा

शाला शुल्क मुक्ति के लिए आर्थिक कारण बताते हुए अपने प्राचार्य को एक आवेदन पत्र लिखिए ।

28 (अ) किसी एक विषय पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबन्ध लिखिए : 7+3=10

(i) इंटरनेट की उपयोगिता

(ii) राष्ट्रीय एकता

(iii) जीवन में खेलों का महत्व

(iv) बेरोजगारी की समस्या

(v) मेरे जीवन का लक्ष्य

(ब) निम्न में से किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए :

(i) आतंकवाद

(ii) समय का महत्व

(iii) परोपकार

(iv) साहित्य और समाज

(v) दहेज प्रथा

http://www.mpboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

http://www.mpboardonline.com

| **E-801** | Roll No. |
| --- | --- |

Higher Secondary Examination (Regular) - 2020

# हिन्दी (विशिष्ट)

# HINDI (Special)

| Total Questions : 28 | Total Printed Pages : 8 | Time : 3 Hours | Maximum Marks : 100 |
| --- | --- | --- | --- |

निर्देश :

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिये 5 अंक आवंटित हैं। उपप्रश्न पर 1 अंक आवंटित है।

(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2-2 अंक आवंटित हैं। प्रत्येक का उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखिए।

(iv) प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3-3 अंक आवंटित हैं। प्रत्येक का उत्तर लगभग 30 से 75 शब्दों में लिखिए।

(v) प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4-4 अंक आवंटित हैं। प्रत्येक का उत्तर लगभग 120 शब्दों में लिखिए।

(vi) प्रश्न क्रमांक 26 तथा 27 के लिए 5–5 अंक आवंटित हैं। प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखिए।

(vii) प्रश्न क्रमांक 28 के लिए 10 अंक [7+3] आवंटित हैं। शब्द सीमा लगभग 250 शब्द है।



http://www.mpboardonline.com

1. सही विकल्प चुनिये : 1×5=5

(i) छायावाद की कवयित्री हैं -

(अ) मीरा बाई (ब) महादेवी वर्मा

(स) सुभद्रा कुमारी चौहान (द) शिवानी

(ii) ज्ञानमार्गी शाखा के कवि हैं -

(अ) कबीरदास (ब) बिहारी

(स) तुलसीदास (द) सूरदास

(iii) विश्वास में विष घोलने का काम किसने किया ?

(अ) रत्नाकर (ब) सुजान

(स) गुआन (द) राधा

(iv) लोकगीत कजली है -

(अ) शादी गीत (ब) बसंत गीत

(स) सावन गीत (द) देवी गीत

(v) तात्या टोपे को रखा गया था -

(अ) मथुरा के जंगल में (ब) पाड़ोन के जंगल में

(स) काशी में (द) वृन्दाबन में

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 1x5=5

(अ) जयशंकर प्रसाद --------------- के प्रमुख कवि थे । (रुढ़िवाद / छायावाद)

(ब) बलदाऊ --------------- को चिढ़ाकर परेशान करते थे । (श्रीकृष्ण / सुदामा)

(स) नैनो टेक्नोलॉजी का उपयोग--------------- में होता है। (खाना बनाने / जल शोधन)

(द) रचना के आधार पर वाक्य --------------- प्रकार के होते हैं । (तीन | आठ)

(इ) प्रताप के संपादक ----------- थे । (भगतसिंह / गणेश शंकर विद्यार्थी)

3. सत्य / असत्य का चयन कीजिए : 1x5=5

(1) काला अक्षर भैंस बराबर का अर्थ साक्षर होता है ।

(2) जीवनी सत्य घटनाओं पर आधारित होती है ।

(3) रस के दस अंग होते हैं ।

(4) गोपियों के मन में बलदाऊ बसे थे ।

(5) काला रंग अशुभ का प्रतीक है।

4. सही जोड़ी बनाइए : 1x5=5

| | |
|---|---|
| (अ) सभी विपत्तियों को हरते हैं | (i) नये मेहमान |
| (ब) व्यंग्य की प्रधानता | (ii) देवकी |
| (स) मध्यम वर्गीय परिवार की समस्या | (iii) गणेश जी |
| (द) कंस की बहन | (iv) महात्मा गांधी |
| (इ) गाय करुणा की कहानी है | (v) मीरा बाई |
| | (vi) नई कविता |

5. एक वाक्य में उत्तर लिखिए : 1x5=5

(अ) मथुरा से योग सिखाने कौन आया था ?

(ब) भय किन दो रूपों में हमारे सामने आता है ?

(स) जहाँ किसी व्यक्ति या वस्तु लक्ष्य में रखकर अन्य के लिए बात कही जाए वहाँ कौन सा अलंकार होता है ?

(द) प्रयोगवाद का प्रारंभ कब हुआ ?

(इ) बसंत कौन सा भाव लेकर आता है ?

6 मीरा कैसा वेश रखना चाहती थीं ? 2

अथवा

कृष्ण ने दही का दोना कहाँ छिपा लिया ?

7. चातक को घातक क्यों कहा गया है ? 2

अथवा

मिट्टी कुम्हार को क्या सीख देती है ?

8. खग कुल-कुल सा क्यों बोलने लगा है ? 2

अथवा

क्षणिक आतंक से क्या तात्पर्य है ?

9. केवट के अनुसार पगधूरि का क्या प्रभाव है ? 2

अथवा

फूल और मालिन दोनों कब मुरझा जायेंगे ?

10. बसंत के आगमन पर प्रकृति में क्या-क्या परिवर्तन होते हैं? 2

अथवा

साँझ सकारे भारत माता की आरती कौन करता है ?

11. किस भय के कारण व्यापारी व्यवसाय में हाथ नहीं डालते ? 2

अथवा

गजाधर बाबू के लिए मधुर संगीत क्या था ?

12. रेवती अपने घर को जेल खाना क्यों कहती है ? 2

अथवा

रेडीमेड अध्यक्ष किसे कहा जाता है ?

13. तात्या मानसिंह के संरक्षण में क्यों गये? 2

अथवा

"मुझसे बड़ा तो मेरा नाम है" लेखक ने ऐसा क्यों कहा ?

14. उत्तराखंड के चारों धाम किन चार पवित्र नदियों के किनारे स्थित है ? 2

अथवा

ग्वाले ने गाय को सुई क्यों और कैसे खिला दी ?

15. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 2

(i) सरोवर के अंदर पानी भरा है ।

(ii) कश्मीर की सौन्दर्यता मनमोहक है ।

अथवा

निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :

(i) अधजल गगरी छलकत जाए http://www.mpboardonline.com

(ii) आँखों पर पट्टी बाँधना

16. रौद्र रस की परिभाषा लिखिए तथा एक उदाहरण लिखिए । 2

अथवा

छन्द की परिभाषा लिखिए । छन्द के प्रकार लिखिए ।

17. गणेश शंकर विद्यार्थी के व्यक्तित्व की तीन विशेषताएँ लिखिए । 3

अथवा

माँ ने राम कुमार वर्मा को पढ़ाई के संबंध में क्या निर्देश दिये थे ?

18. भाव विस्तार कीजिए – 3

धर्म पार्थक्य नहीं, एकता का द्योतक है ।

अथवा

राष्ट्र भाषा किसे कहते हैं ? राष्ट्र भाषा की दो विशेषताएँ लिखिए ।

19. श्लेष अलंकार की परिभाषा दीजिए । उदाहरण लिखिए । 3

अथवा

विभावना तथा विशेषोक्ति अलंकार में अंतर बताइए ।

20. प्रगतिवाद की दो विशेषताएं बताते हुए दो प्रमुख कवियों के नाम तथा एक-एक रचना के नाम लिखिए । 4

अथवा

छायावाद और रहस्यवाद में क्या अंतर है ?

21. रेखाचित्र और संस्मरण में चार अंतर लिखिए । 4

अथवा

नाटक और एकांकी में चार अंतर लिखिए ।

22. तुलसीदास अथवा जयशंकर प्रसाद का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए : 4

(अ) दो रचनाएँ

(ब) भावपक्ष - कलापक्ष

(स) साहित्य में स्थान

23. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल अथवा शरद जोशी का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए : 4

(अ) दो रचनाएँ

(ब) भाषा शैली

(स) साहित्य में स्थान

24. निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए : 4

माटी कहै कुम्हार से, क्या तू रौंदे मोहि ।
एक दिन ऐसा होयगा, मैं रौदूंगी तोहि ॥
यह तन काँचा कुंभ है, लिये फिरै थे साथ ।
टचका लागा फूटि गया, कछु न आया हाथ ॥

अथवा

कौन कहता है कि तुमको खा सकेगा काल ?
अरे? तुम हो काल के भी काल अति विकराल ?
काल का तव धनुष, दिक् की धनुष की डोर,
धनु-विकम्पन से सिहरती सृजन नाश हिलोर ।

25. निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए: 4

असल प्रकाश तो हमारे जीवन में छिपा है - सृजन का प्रकाश ! आदमी का आचरण, आदमी का शील, आदमी का श्रम, आदमी का विवेक और आदमी की भावना जिसे छू लें वह प्रकाशित हो जाए । बड़े बड़े अंधेरों को तराश कर ये प्रकाश निर्झर बहा दें। जवारों और पीताभ गेहूँ के पौधे क्या यह संदेश नहीं देते कि सृजन की यात्रा कभी रुकती नहीं ? http://www.mpboardonline.com

अथवा

"यह संसार क्षणभंगुर है । इसमें दुःख क्या और सुख क्या ? जो जिसने बनाया है वह उसी में लय हो जाता है - इसमें शोक और उद्वेग की क्या बात है ? यह संसार जल का बुद-बुदा है, फुट कर किसी रोज यह जल में ही मिल जयेगा । फूट जाने में ही बुद-बुदे की सार्थकता है जो यह नहीं समझते वे दया के पात्र हैं। री भूखी लड़की तू समझ । सब ब्रह्माण्ड ब्रह्म का है और उसी में लीन हो जायेगा । इससे तू किस लिए व्यर्थ व्यथा सह रही है ?"

26. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नो के उत्तर दीजिये: 1+2+2=5

कर्मठता लय की निश्चितता, उत्कृष्ट अभिलाषा एवं सतत् प्रयत्न के समन्वित स्वरूप का नाम है । कोरा श्रमसाध्य नहीं । यह तो बालकों की खेल और पशुओं की दौड़ में भी होता है । सही श्रम तो वही है जो कुछ ठोस परिणाम देता है । मेरी दृष्टि में यही है । जिस देश में कर्मठता का जितना प्रतिशत होता है । वह देश तद्नुकुल ही प्रगति अथवा अवन्नति करता है । अतः शिक्षण का सही उद्देश्य देश में ऐसे कर्मठ जनों का निर्माण एवं उत्तरोत्तर उसका प्रतिशत बढ़ाना है ।

(अ) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए ।

(ब) सही श्रम क्या है ?

(स) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

27. सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, भोपाल को अंग्रेजी विषय की उत्तर-पुस्तिकाओं के पुनर्गणना हेतु आवेदन पत्र लिखिए । 1+2+2=5

अथवा

अपने मित्र को हायर सेकेण्डरी परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर बधाई पत्र लिखिए ।

28 (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए : 7

(i) समाचार पत्र की उपयोगिता

(ii) आतंकवाद

(iii) महँगाई की समस्या

(iv) विज्ञान और मानव जीवन

(ब) निम्नलिखित में से किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए।

(i) दहेज प्रथा

(ii) लोकतंत्र का महत्व

(iii) स्वच्छ भारत अभियान

(iv) जल ही जीवन है।

**http://www.mpboardonline.com**
**Whatsapp @ 9300930012**
**Send your old paper & get 10/-**
अपने पुराने पेपर्स भेजे और **10** रुपये पायें,
**Paytm or Google Pay** से